# न्यायालय प्रथम अपील प्राधिकारी एवं जिला कलक्टर, भीलवाड़ा

(अपील अन्तर्गत धारा 19(1) सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005)

**श्री संदीप कोठारी 2 कंचन विहार सांगानेर रोड, भीलवाडा जिला भीलवाडा।**

बनाम

लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी आसीन्द, जिला भीलवाडा।

प्रकरण संख्या :– 142 / 2025

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 28.10.2025 | –: निर्णय :–<br><br>1. पत्रावली आज पेश हुई। उभयपक्ष अनुपस्थित।<br><br>2. अपीलार्थी ने ऑनलाईन आवेदन–पत्र दिनांक 04.09.2025 से अपील में वर्णित सूचना लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी आसीन्द से चाही गई थी, परन्तु प्रत्यर्थी के द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं करवाये जाने के कारण अपीलार्थी द्वारा यह अपील ऑनलाईन क्रमांक 249227090099772 प्रस्तुत कर, प्रत्यर्थी से सूचना दिलाये जाने का निवेदन किया है। प्रकरण दर्ज कर उभयपक्षकारान की तलबी हेतू नोटिस जारी किये गये।<br><br>3. लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी आसीन्द से प्राप्त सूचना अनुसार लोक सूचना अधिकारी द्वारा जरिये पत्रांक 1106 दिनांक 27–10–2025 से अवगत कराया गया कि अपीलार्थी द्वारा चाही गयी वांछित सूचना इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 1105 दिनांक 27.10.2025 को ई–मेल व डाक द्वारा प्रेषित कर दी गयी है। जिसकी प्रतिलिपि उक्त अपील पत्रावली के अभिलेख पर मौजूद है।<br><br>अतः उपरोक्त विवेचन के परिप्रेक्ष्य में अपील अपीलार्थी अस्वीकार की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार हो कर नम्बर से कम हो।<br><br>निर्णय आज दिनांक 28–10–2025 को लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।<br><br>**(जसमीत सिहं संधू)**<br>प्रथम अपीलीय अधिकारी<br>लोक सूचना एवं जिला कलक्टर, भीलवाड़ा | |